<u>राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन</u>

दिनांक 29 अगस्त 2020 को गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अंजिला गुप्ता के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में शारीरिक शिक्षण विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए, फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन किया गया| कार्यक्रम की शुरुआत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर विशन सिंह राठौड़ ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया| ततपश्चात उन्होंने मेजर ध्यानचंद के जीवन एवं उनकी उपलब्धियों के बारे में बताया| विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर विशन सिंह राठौड़ ने फिट इंडिया फ्रीडम रन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि भारत सरकार के द्वारा समस्त देशवासियों को स्वस्थ रखने के लिए फिट इंडिया फ्रीडम रन की मुहिम चलाई गई जिसका उद्देश्य बीमारियों एवं आलस्य से मुक्ति है| इस अवसर पर विभाग के समस्त शिक्षक कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे| इस अवसर पर समस्त प्रतिभागियों द्वारा 3 किलोमीटर की दौड़/पैदल चाल पूरी करके कार्यक्रम का समापन विश्वविद्यालय के बास्केटबॉल कोर्ट में किया गया|

GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA
BILASPUR (C.G.)
FIT INDIA FREEDOM RUN
ON THE OCCASION OF
NATIONAL SPORTS DAY
RUN
ORGANIZED BY
DEPARTMENT OF PHYSICAL EDUCATION

GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA
BILASPUR (C.G.)
FIT INDIA
FIT INDIA
FREEDOM RUN
RUN
ORGANIZED BY
DEPARTMENT OF PHYSICAL EDUCATION